हरिभूमि

हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

12 राखीगढ़ी संग्रहालय का कार्य जल्द होगा पूरा...



12 12 करोड़ की ठगी के मुख्य आरोपी का जारी...



निजीकरण के विरोध में डटे कर्मचारी, डीसी ने अफसरों को दिए अलर्ट रहने के निर्देश

हड़ताल का असर, इंडस्ट्रियल एरिया समेत कई इलाकों में बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के गुरुग्राम और नूंह सर्कल का समानांतर लाइसेंस निजी एजेंसी को सौंपे जाने के फैसले के खिलाफ बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल का व्यापक असर दिखने लगा है। हिसार व हांसी जिले के कई गांवों में रात से ही ब्लैक आउट की स्थिति पैदा हो गई। इसके चलते कई गांवों में सुबह के समय पेयजल सप्लाई पर भी असर पड़ा। हिसार सर्कल के दर्जनों गांव ऐसे थे जहां गुरुवार को पूरे दिन भी बिजली आपूर्ति नहीं हो पाई। खासकर नलवा हलके से जुड़े कई गांवों, बरवाला, आदमपुर, अग्रोहा क्षेत्र के गांव ज्यादा प्रभावित रहे। उधर, गुरुवार सुबह से ही शहर के कई प्रमुख रिहाइशी इलाकों और औद्योगिक क्षेत्रों में पूरी तरह ब्लैक आउट की स्थिति बनी हुई है। बिजली आपूर्ति ठप होने से आमजन के दैनिक कामकाज के साथ पेयजल आपूर्ति पर भी गहरा संकट खड़ा हो गया है। वहीं दूसरी तरफ, आक्रोशित कर्मचारियों ने बिजली घरों और सब-स्टेशनों के बाहर अपना धरना-प्रदर्शन और अधिक तेज कर दिया है।

- कई क्षेत्रों में जलापूर्ति पर भी प्रभावित



हिसार। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के मद्देनजर बिजली घर का निरीक्षण करते उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो: हरिभूमि

खुद डीसी-एसपी ने लिया पल-पल का अपडेट

हड़ताल के कारण बिगड़ते हालातों को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए खुद डीसी और एसपी पल-पल की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सुरक्षा के लिहाज से जिले के सभी बिजली संस्थानों, सब-स्टेशनों और थर्मल पावर स्टेशन के 100 मीटर के दायरे में तुरंत प्रभाव से धारा 163 लागू कर दी गई है। इसके अलावा 400 पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। किसी भी तकनीकी खराबी से तुरंत निपटने के लिए 20 क्विक रिस्पांस एवं इमरजेंसी टीमें गठित की गई हैं, जबकि अस्पताल, जल आपूर्ति और रेलवे जैसी आवश्यक सेवाओं में बिना रुकावट बिजली आपूर्ति जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

आपूर्ति व्यवस्था और उपलब्ध संसाधनों का लिया जायजा

हालात की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त महेंद्र पाल ने गुरुवार को खुद जिले के विभिन्न बिजली घरों का औचक दौरा कर आपूर्ति व्यवस्था और उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए बिजली आपूर्ति बहाल रखने के लिए निरंतर काम किया जाए। प्रशासनिक स्तर पर सब-स्टेशन, डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम और थर्मल पावर स्टेशन की विशेष निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो कंट्रोल रूम से 24 घंटे क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। हालांकि, इन तमाम दावों और इंतजामों के बीच बिजली कटौती से परेशान आम लोगों का आरोप है कि आपातकालीन स्थिति में जब वे शिकायत दर्ज कराने के लिए कंट्रोल रूम में फोन मिला रहे हैं, तो वहां से कोई जवाब नहीं मिल रहा है और फोन अनसुने किए जा रहे हैं, जिससे जनता में भारी नाराजगी है।

त्योहारी सीजन में आदमपुर में बिजली संकट गहराया

- मंडी में पूर्ण रूप से आपूर्ति ठप, खैरमपुर में रात से छाया अंधेरा
- त्योहारी सीजन में ग्रिड और फीडर बंद होने से व्यापारियों और आम जनता में रोष
- करवा चौथ और दीपावली की खरीदारी हुई प्रभावित

आदमपुर। त्योहारी सीजन के बीच बिजली बोर्ड के कर्मचारियों की हड़ताल और तकनीकी व्यवस्थाओं के चरमराने से आदमपुर क्षेत्र में बिजली संकट विकराल रूप धारण कर चुका है। मंडी आदमपुर में जहां गुरुवार को बिजली पूरी तरह ठप रही, वहीं खैरमपुर गांव में तो रात से ही बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद पड़ी है, जिससे पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा हुआ है। एक तरफ जहां करवा चौथ और दीपावली के त्योहारी सीजन को लेकर बाजारों में रौनक और खरीदारी का दौर अपने चरम पर है, वहीं दूसरी तरफ बिजली न होने के कारण व्यापारिक गतिविधियों और आम जनजीवन पर ब्रेक लग गया है। मंडी आदमपुर के दुकानदारों और व्यापारियों ने रोष जताते हुए कहा कि त्योहारी सीजन में ग्राहक खरीदारी के लिए पहुंचते हैं, लेकिन बिजली न होने के कारण दुकानों में अंधेरा छाया रहता है और इनवर्टर भी जवाब दे चुके हैं। लाइट न होने के कारण बिलिंग काउंटर, इलेक्ट्रॉनिक मशीनें और पंखे-लाइटें बंद हैं, जिससे ग्राहकों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

पूरा दिन बीतने के बाद भी बहाल नहीं हुई आपूर्ति

ग्रामीणों के अनुसार, खैरमपुर गांव में रात से ही बिजली की सप्लाई पूरी तरह ठप है। रातभर लोग अंधेरे में रहने को मजबूर रहे और अगले दिन पूरा दिन बीत जाने के बाद भी बिजली बहाल नहीं हो सकी। इसी तरह गांव आदमपुर, महलसरा, काबरेल, मोड़ाखेड़ा, चिकनवास और मंडी आदमपुर के शहरी और रिहायशी इलाकों में भी बिजली न होने से पेयजल संकट गहरा गया है। वाटर वर्क्स की मोटरें बंद होने से घरों में पानी की बूंद-बूंद के लाले पड़ गए हैं। -संबंधित पैकेज पेज 11 पर

कैमरी रोड पर ट्रैक्टर और बाइक टक्कर में गई दो लोगों की जान

मॉडर्न डिफेंस स्कूल के पास हादसा, ट्रैक्टर छोड़ भागा चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हिसार-कैमरी रोड पर मॉडर्न डिफेंस स्कूल के समीप बुधवार देर शाम एक अनियंत्रित ट्रैक्टर और बाइक की आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही गंभीर रूप से घायल होने के बाद अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

मृतकों की पहचान कैमरी निवासी 52 वर्षीय हवासिंह और भिवानी के खरकड़ी फाटक क्षेत्र निवासी 40 वर्षीय संदीप कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है। भिवानी के खरकड़ी फाटक एरिया निवासी मृतक संदीप के भाई अमित ने बताया कि उसका भाई संदीप पेशे से राजमिस्त्री था और इन दिनों काम के सिलसिले में कैमरी में ही रह रहा था। वहीं, दूसरा मृतक हवासिंह कैमरी का रहने वाला था और मजदूरी करता था। बुधवार शाम 7:30 बजे संदीप और हवासिंह एक ही बाइक पर कैमरी से हिसार की तरफ आ रहे थे। मॉडर्न डिफेंस स्कूल के पास सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक मौके पर ही ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ दर्ज किया केस

हादसे के बाद सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत दोनों घायलों को संभाला और निजी वाहनों की मदद से एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहाँ डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटें आने के कारण देर रात दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मंगाली पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लिया। इस मामले में आजाद नगर थाना पुलिस ने मृतक हवासिंह के भतीजे अजीत की शिकायत के आधार पर अज्ञात फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

साइंस टीचर के तबादले पर भड़के छात्र शिवनगर में स्कूल गेट को लगाया ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर के मिलगेट क्षेत्र के शिवनगर स्थित सरकारी स्कूल में गुरुवार सुबह बच्चों ने मुख्य गेट पर ताला जड़कर प्रदर्शन किया। बच्चे अपनी साइंस टीचर पूनम के तबादले से बेहद नाराज हैं और उन्हें वापस स्कूल में लाने की मांग कर रहे हैं। सुबह 6:55 बजे बच्चों ने एकजुट होकर स्कूल के गेट पर ताला लगा दिया, जिसके बाद वे लगातार बाहर खड़े होकर प्रदर्शन करते रहे, जबकि स्कूल के सभी टीचर अंदर ही फंसे रह गए। प्रदर्शन कर रहे बच्चों का कहना है कि पूनम मैडम को तुरंत वापस इसी स्कूल में लगाया जाए ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो।

पार्षद ने बीईओ से बात कर बच्चों को मनाया



मामले की सूचना मिलने पर नगर पार्षद मनोहर लाल मौके पर पहुंचे और उन्होंने इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी व मंत्री से बात की। उन्होंने उचित आश्वासन देर मामले को शांत कराया। दूसरी ओर, कुछ बच्चों ने शिक्षकों के देरी से स्कूल पहुंचने का गंभीर आरोप भी लगाया है। उनका यह भी कहना है कि समय पर पढ़ाई न होने की वजह से उनकी शिक्षा लगातार बाधित हो रही है। दूसरी तरफ, स्कूल में मौजूद शिक्षकों ने भी इस बात की पुष्टि की है कि साइंस टीचर पूनम का तबादला होने के कारण ही बच्चे इतना विरोध कर रहे हैं। हालात यह हो गए कि ताला बंदी के दो घंटे से अधिक समय तक भी मौके पर कोई भी बड़ा अधिकारी या प्रशासनिक नुमाइंदा नहीं पहुंचा, जिससे बच्चे और ज्यादा रोषित हो गए।





पक्षी जगत / शिखर चंद जैन

अनोखी खूबियों वाले अमेजिंग बर्ड्स

बच्चो, तुमने अपने आस-पास या चिड़ियाघर में कई तरह के पक्षी देखे होंगे। लेकिन क्या ऐसे पक्षियों के बारे में जानते हो, जो हवा में हेलीकॉप्टर की तरह उड़ सकते हैं, मिसाइल जैसी रफ्तार से गोता लगा लेते हैं या जो किसी भी आवाज की नकल कर लेते हैं? यहां हम तुम्हें ऐसी ही अनोखी खूबियों वाले कुछ पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

हमिंग बर्ड उड़ने वाला हेलीकॉप्टर

हमिंग बर्ड, दुनिया का सबसे छोटा पक्षी तो है ही। इसके पास ऐसी काबिलियत भी होती है, जो किसी अन्य पक्षी के पास नहीं है। यह अकेला ऐसा पक्षी है, जो पीछे की तरफ भी(उल्टा) उड़ सकता है, दाएं-बाएं मुड़ सकता है और हवा में एक ही जगह पर बिना हिले-डुले स्थिर रह सकता है। यह एक सेकेंड में 50 से 80 बार तक अपने पंख फड़फड़ा सकता है। इस दौरान इनके पंखों से 'हमिंग' (भिनभिनाने) की आवाज आती है, इसीलिए इसे हमिंग बर्ड नाम दिया गया है। हमिंग बर्ड के पंखों का जोड़ा 180 डिग्री तक घूम सकता है, जिससे यह किसी हेलीकॉप्टर की तरह हर दिशा में कलाबाजी खा सकता है। इसका हृदय भी एक मिनट में 1,200 से भी ज्यादा बार धड़कता है। अपने शरीर में ऊर्जा बनाए रखने के लिए इसे हर 10-15 मिनट में भोजन की आवश्यकता होती है। हमिंग बर्ड की याददाश्त बहुत तेज होती है। इसे वह जगह और फूल तक याद रहता है, जहां जिस फूल से इसने पहले रस पिया होता है। *



पेरेग्रिन फाल्कन आसमान की मिसाइल

पेरेग्रिन फाल्कन यानी शाहीन बाज, सबसे तेज गति से हवा में गोता लगा लेता है। जब यह शिकार करने के लिए आसमान से सीधे नीचे की ओर गोता लगाता है, तो इसकी रफ्तार 320 से 390 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच जाती है, जो हाई स्पीड बुलेट ट्रेन से भी तेज है! इस तेज गति से उड़ते समय जब हवा इसके नथुनों में टकराती है, तो फेफड़े फटने का खतरा होता है। लेकिन कुदरत ने इसकी नाक के अंदर छोटे-छोटे विशेष शंकु जैसी संरचना बनाई है, जो हवा के दबाव को नियंत्रित करते हैं। इसकी आंखों में एक विशेष पारदर्शी झिल्ली होती है, जो तेज हवा में भी चश्मे की तरह काम करती है और बिना पलक झपकाए शिकार को तेजी से झपटने में मदद करती है। *

लायर बर्ड जंगल का साउंड रिकॉर्डर

ऑस्ट्रेलिया के घने जंगलों में पाया जाने वाला लायर बर्ड, दुनिया का सबसे बड़ा और चतुर नकलची पक्षी है। इसके स्वर-यंत्र की संरचना इतनी जटिल और विकसित होती है कि यह अपने आस-पास सुनी गई किसी भी ध्वनि की हूबहू नकल कर सकता है। जंगल के अन्य दर्जनों पक्षियों की आवाजों के अलावा, लायर बर्ड इंसानों द्वारा बनाई गई मशीनों की आवाजें जैसे कार का हॉर्न, कैमरे के शटर की क्लिक, कुल्हाड़ी की चोट, चेनसॉ (लकड़ी काटने की आरी), मोबाइल फोन की रिंगटोन और यहां तक कि बच्चों के रोने की आवाज भी बिल्कुल सटीक पिच के साथ निकाल लेता है। नर लायर बर्ड, अकसर मादा को रिझाने के लिए इन सभी आवाजों का एक अनोखा म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा जैसी ध्वनि उत्पन्न करता है। *



शुतुरमुर्ग एक्सप्रेस रनर

शुतुरमुर्ग उड़ नहीं सकता, लेकिन यह पृथ्वी का सबसे बड़ा, भारी और ऊंचा पक्षी है। उड़ने की कमी को यह अपनी जमीन पर दौड़ने की बेजोड़ क्षमता से पूरा करता है। शुतुरमुर्ग 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से लगातार दौड़ सकता है और एक ही छलांग में 3 से 5 मीटर की दूरी तय कर लेता है। इसके पैरों में केवल दो अंगुलियां होती हैं, जो इसे दौड़ते समय बेहतरीन ग्रिप और गति देती हैं। इसके पैर इतने शक्तिशाली और मजबूत मांसपेशियों से बने होते हैं कि इसकी केवल एक किक से शेर या तेंदुए जैसे खतरनाक शिकारी की भी हड्डी टूट सकती है या उसकी मौत हो सकती है। *



वुडपेकर नेचुरल ड्रिल मशीन

वुडपेकर यानी कठफोड़वा पेड़ों के सख्त तनों में छेद करके कीड़े ढूंढ़ने के लिए अपनी चोंच से लकड़ी पर तेजी से वार करता है। यह एक सेकेंड में लगभग 20 बार और एक दिन में 8,000 से 12,000 बार लकड़ी पर चोट करता है। जब यह चोट करता है, तो इसके सिर पर लगने वाला झटका इंसान को लगने वाले किसी गंभीर एक्सीडेंट के झटके से 10 गुना ज्यादा होता है। इतने भीषण झटकों के बावजूद इसके दिमाग में जरा-सी भी चोट नहीं आती। इसकी खोपड़ी में स्पंज जैसी छिद्रयुक्त हड्डियां होती हैं, जो झटके को सोख लेती हैं। इसकी जीभ बेहद लंबी होती है, जिसे यह अपने सिर के चारों तरफ लपेटकर एक नेचुरल सीटबेल्ट की तरह काम लेता है। *



नए जमाने की ट्रेंडिंग डॉल मिरूमी

डॉल्स सभी बच्चों को खूब भाती हैं। आजकल तो अमेजिंग टेक्नोलॉजी से लैस कुछ ऐसी डॉल्स मिलती हैं, जो तुम्हें हैरत में डाल देंगी। ऐसी ही एक प्यारी-अनोखी जापानी डॉल है- मिरूमी। बच्चे-बड़े सभी को मिरूमी डॉल खूब पसंद आ रही है। इसके बारे में जानो कुछ रोचक बातें।

टेक्नो-ट्वॉय

अंजू जैन



बच्चो, मिरूमी कोई साधारण डॉल नहीं, यह जापान की मॉडर्न टेक्नोलॉजी से बनी एक छोटी इंटरेक्टिव रोबोट डॉल है, जो अपने क्यूट बिहेवियर से सभी का दिल जीत रही है।

कहां से हुई मिरूमी की शुरुआत: मिरूमी डॉल की शुरुआत जापान के टोक्यो शहर से हुई है। इसे युकाई इंजीनियरिंग नाम की एक प्रसिद्ध रोबोटिक्स कंपनी ने बनाया है। 'मिरूमी' नाम दो जापानी शब्दों से मिलकर बना है 'मिरू', जिसका अर्थ है 'देखना' और 'नुइगुरूमी', जिसका अर्थ है 'भरा हुआ खिलौना' यानी स्टफ्ड टॉय। इसे बनाने की प्रेरणा जापानी लोककथाओं के जादुई जीव 'यो काई' और एक छोटे बच्चे की मासूम हरकतों से ली गई है।

बहुत खास और जीवंत है मिरूमी: मिरूमी डॉल में एडवांस सेंसर और मोटर लगे हैं, जिससे यह स्पर्श और आवाज पर रिएक्ट करती है। जब कोई इसे प्यार से थपथपाता है, तो यह अपनी गर्दन हिलाती है। अगर कोई अजनबी इसके बहुत करीब आता है, तो यह शरमाकर अपना चेहरा दूसरी तरफ घुमा लेती है। जब कोई इसे देखता है, तो यह उसे ऐसे देखती है, जैसे कोई छोटा बच्चा देख रहा हो। जब इसकी बैटरी कम होती है, तो यह थकने का नाटक करती है, धीरे-धीरे अपना सिर हिलाने लगती है। मिरूमी की ये प्यारी हरकतें किसी का भी दिल खुश कर सकती है। यही वजह है कि इसे 'स्ट्रेस रिलीफ' करने वाले खिलौने के रूप में पसंद किया जा रहा है।



साथ रखना है आसान: बच्चो, इस क्यूट-सी डॉल मिरूमी को तुम कभी भी, कहीं भी अपने साथ कैरी कर सकते हो। इसके लंबे हाथ होते हैं, जो इसे आसानी से तुम्हारे बैग के स्ट्रैप या बेल्ट से चिपके रहने में मदद करते हैं। इसे बैग एसेसरी के रूप में लगाना आजकल फैशन बन गया है। इसे रिस्ट बैंड की तरह हाथों में भी पहना जा सकता है। जिनके पास मिरूमी डॉल है, वे इससे इतना लगाव महसूस करते हैं कि इसके लिए छोटे-छोटे स्वेटर, स्कार्फ और चश्मा भी खरीदने लगे हैं।

बच्चों को बनाती है संवेदनशील: मिरूमी डॉल बच्चों को संवेदनशीलता सिखाती है। जब कोई बच्चा देखता है कि मिरूमी 'डर' रही है या 'शरमा' रही है, तो वह उसे पुचकारता है, जिससे बच्चे के अंदर देखभाल करने की भावना विकसित होती है। *

मिरूमी की कुछ अन्य खासियतें

बच्चो, मिरूमी डॉल में कुछ और भी विशेषताएं हैं, जो इसे बहुत खास बनाती हैं-

आई-कॉन्टेक्ट तकनीक: इसमें एक विशेष 'अटेंशन सेंसर' लगा है। यह कमरे में मौजूद इंसानी चेहरे को पहचानती है। अगर तुम इसे 3 सेकेंड से ज्यादा देखोगे, तो यह भी तुम्हारी आंखों में आंखें डालकर देखेगी।

धड़कता है मिरूमी का दिल: अगर तुम मिरूमी को अपने सीने से सटाकर पकड़ते हो, तो तुम्हें इसके अंदर एक हल्की धड़कन जैसा महसूस होगा।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्रेरणादायी-रोचक कहानियां

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए प्रेरणादायक-रोचक कहानियों का एक संग्रह छपकर आया है, नाम है- टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना। राजकुमार जैन 'राजन' द्वारा लिखी गई इस किताब में कुल ग्यारह कहानियां हैं। इन सभी कहानियों के रंग अलग-अलग हैं। 'पारुल का सपना' कहानी में उसका पायलट बनने का सपना इसीलिए पूरा होता है कि इसके लिए उसने जी-तोड़ मेहनत की और अपनी ट्रेनिंग पूरी करके सफल पायलट बन गई। 'पौधारोपण का महत्व' कहानी में दादाजी की यह बात बहुत महत्त्वपूर्ण और उपयोगी है कि वृक्षों से हरियाली तो रहती ही है, हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। प्लास्टिक का उपयोग कितना खतरनाक है, यह 'प्लास्टिक मुक्त' गांव कहानी पढ़कर जाना जा सकता है। 'खिलौना रोबोट' कहानी में यह तथ्य छिपा हुआ है कि माता-पिता बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कभी-कभी उनकी हर बात न मानकर कुछ बातों के लिए मना भी कर देते हैं। 'सच्ची दीवाली' कहानी का यह उद्देश्य है कि दीवाली जैसे त्योहार का मतलब सिर्फ रोशनी करना ही नहीं होता है, बल्कि एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ देना ही त्योहार का असली उद्देश्य होता है। किताब की शीर्षक कहानी 'टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना' में दो महत्त्वपूर्ण बातें सामने आती हैं- एक, अगर लगन हो तो संसाधनों के अभाव में भी शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। दूसरी, ज्ञान जितना बांटा जाता है हमेशा वह बढ़ता ही जाता है। 'दीपू ने ठग पकड़वाए' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह दीपू ने बड़ी चतुराई और सूझबूझ से ढोंगी व्यक्ति का भंडाफोड़ किया और उसको पुलिस के हवाले करा दिया। संग्रह की अंतिम कहानी 'बच्चों का वाचनालय' शिक्षा के विस्तार से जुड़ी हुई है। ऐसे ही इस संग्रह की अन्य कहानियां भी तुम्हारा मनोरंजन करने के साथ-साथ तुम्हें कुछ-न-कुछ सिखाएंगी। *



किताब: टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना (कहानी संग्रह), **लेखक:** राजकुमार जैन 'राजन', **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** ज्ञानमुद्रा पब्लिकेशन, भोपाल



कहानी

रवि प्रकाश

क्लास की खिड़की का शीशा टूटा तो इसके लिए आर्यन को दोषी माना गया, क्योंकि उसकी छवि एक शरारती लड़के की थी। एक छात्रा ने सच बताया, वास्तव में शीशा किससे टूटा? एक सच्ची लड़की की प्रेरक कथा।

सच का साहस



एआई इमेज

टन-टन-टन..!' लंच ब्रेक की घंटी बजते ही क्लास में शांत बैठे बच्चों का शोर-शराबा शुरू हो गया। वे टिफिन खोलने लगे, हंसते हुए बात करने लगे। सिक्सथ क्लास की मीरा अपनी सादगी और शांत स्वभाव के लिए जानी जाती थी। वह अभी अपनी जगह से उठी ही थी कि पीछे से दौड़कर आती एक बच्ची का धक्का लगा। वह पास की खिड़की से जा टकराई। जोर की आवाज हुई, 'चटाक!' खिड़की का शीशा टुकड़ों में फर्श पर बिखर गया।

पूरी क्लास में सन्नाटा छा गया। क्लास मॉनिटर ने दबी आवाज में कहा, 'अरे मीरा! यह तो बहुत महंगा शीशा था। मिश्रा सर अभी आते ही होंगे, वे बहुत गुस्सा करेंगे।'

तभी मिश्रा सर क्लास में दाखिल हुए। टूटे हुए शीशे को देखते ही उनकी भौंहें तन गईं, कड़क आवाज में बोले, 'यह किसने तोड़ा ?' सब सिर झुकाए खड़े थे। मिश्रा सर की नजर कक्षा के सबसे नटखट लड़के आर्यन पर जा टिकी। वह अकसर शरारतें करता था, लेकिन आज वह चुपचाप अपनी सीट पर बैठा था। 'आर्यन! मुझे पता है, यह तुम्हारी ही हरकत होगी। खड़े हो जाओ!' मिश्रा स्वर गुस्से से बोले।

आर्यन घबरा गया, 'नहीं सर... मैंने नहीं तोड़ा है शीशा, सचमुच..।' लेकिन उसकी बात पर मिश्रा सर को यकीन नहीं हुआ। उनके दिमाग में आर्यन की छवि एक शरारती लड़के की जो थी। उधर मीरा का दिल तेज धड़क रहा था। वह कुछ बोलना चाहती थी, पर शब्द जैसे गले में ही अटक गए। उसकी सहेली बहुत धीरे से बोली, 'मीरा, चुप रह। सर तो आर्यन को डांट रहे हैं, तुम्हें कुछ नहीं होगा।'

मीरा के मन में दो आवाजों के बीच जैसे युद्ध छिड़ गया। एक आवाज कह रही थी, 'चुप रहो, डांट से बच जाओगी।' दूसरी आवाज कह रही थी, 'सच बोलो, निर्दोष को मत फंसने दो।'

तभी उसे अपनी दादी मां की कही बात याद आई, 'गलत करके चुप रहना, अपने आपको धोखा देना है। तुम्हारी गलती की सजा किसी और को मिले, यह तो एक प्रकार से पाप है।'

मीरा की टांगें कांप रही थीं, लेकिन उसने पूरी हिम्मत जुटाई और हाथ ऊपर उठाकर बोली, 'सर!' उसकी आवाज पहले थोड़ी लड़खड़ाई, फिर संभलकर बोली, ' खिड़की का शीशा आर्यन ने नहीं तोड़ा, मुझसे टूटा है। मैं मुड़ रही थी, गलती से मेरा हाथ लग गया। मुझे माफ कर दीजिए सर।'

मिश्रा सर का गुस्सा पल भर में शांत हो गया। उन्होंने आर्यन को बैठने का इशारा किया और पूरी क्लास की ओर मुड़े और शांत भाव से बोले, 'टूटा हुआ कांच बदला जा सकता है, लेकिन कोई गलत काम करके एक बार नजरों से गिर जाए, तो हमेशा के लिए विश्वास-भरोसा खो देता है। मीरा ने आज सच बोलकर एक साहस का काम किया है, सबका दिल जीता है। अपनी गलती स्वीकार करना, बहुत हिम्मत का काम है।'

यह सुनकर बच्चों ने एकसाथ क्लैपिंग की। मीरा सच बोल कर मन ही मन बहुत हल्का महसूस कर रही थी। *

कविता

शादाब आलम



एआई इमेज

पिप्पी एक पपी लाई

विद्यालय से घर आई है
पिप्पी एक पपी लाई है।
उसे खूब उसने नहलाया
झाड़ा, पोछा, तेल लगाया।
मां बोलीं, क्यों इसको लाई
कौन करेगा साफ-सफाई?
पापा भी बोले, पल भर में
बहुत गंदगी होगी घर में
दादी बोलीं, पान चबाकर
इसे छोड़ दे बाहर जाकर
सबके पास समय की किल्लत
कौन करेगा इसकी खिदमत?
बात सुनी पिप्पी ने सबकी
और पपी को दी फिर थपकी
बोली उसको गोदी लेकर
मैं हूं इसकी केयरटेकर।



कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

एक रूप रुपहला तारा

एक रूप रुपहला तारा
जैसे थाली भर पारा
या परी भुलक्कड़ भूली
अपना सिंगार पिटारा
एक झिलमिल सा आईना
टीका है जड़ा नगीना
नीले सरुवर में मानो
एक श्वेत कमल रसभीना
नभ की दीवार घड़ी है
बिंदी जो रतन जड़ी है
खा लो, है बर्फ का गोला
खेलो वह बॉल पड़ी है
यह चांदी का सिक्का है
या ताश तुरुप इक्का है
कुरमुर पापड़ चावल का
या आलू का टिक्का है
क्या साइज है इडली का!
या प्याला भरा दही का
मीठा लड्डू मावा का
या घेवर फीका-फीका?
रबड़ी का भरा कटोरा
बिखरा मिसरी का बोरा
मां धरती नीली-नीली
पर मामा गोरा-गोरा।

जीके क्विज-228

1. हाल ही में भारतीय नौसेना में शामिल किए गए पहले स्वदेशी बहुउद्देशीय युद्धपोत का क्या नाम है?
2. शरद पूर्णिमा को किस महान ऋषि की जयंती मनाते हैं?
3. वर्ष 2026 के लिए भौतिकी (फिजिक्स) का नोबेल पुरस्कार किसे प्रदान किया जाएगा?
4. कंप्यूटर के किस हिस्से को उसका मस्तिष्क कहा जाता है?
5. राष्ट्रीय एकता दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत की संसद के निचले सदन को क्या कहते हैं?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. आंवला में कौन-सा विटामिन पाया जाता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
10. भारत का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-228 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-227 का उत्तर: 1. नवी पिल्लै, 2. ऐनी कार्सन, 3. मध्य प्रदेश, 4. आशुतोष दीक्षित, 5. बौद्ध धर्म, 6. 11, 7. विष्णु शर्मा, 8. न्यूयॉर्क सिटी, 9. चिल्का झील, 10. कैनबरा

जीके क्विज-227 का सही उत्तर देने वाले: कबीर-हिसार, यशस्वी-ईमेल से, धृष-दिल्ली, रोहित-राजानांदगांव, निशिता-भोपाल, अवियांश-बलौदा बाजार, देविषा-महासमुंद, लाभ्या-झज्जर, श्रुति-रोहतक, माधव-बिलासपुर, राशि-हिसार

रंग भरो-213

रंग भरो-213 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सान्वी, बिलासपुर



वसनी, रायपुर



मानित, रोहतक



कुंजल, रायपुर



दीक्षा, धमतरी



आंचल, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सावी-बिलासपुर, प्रिया-धमतरी, तृषा-रायपुर, काश्वी-रायपुर, भव्या-बिलासपुर, सुमन-भिवानी, माधव-जांजगीर, सविता-कटनी, दिनेश-दिल्ली, राजेश-धमतरी, पंकज-गुना, विनेश-करनाल, सौरभ-बिलासपुर, रानी-कोरबा, सुमन-भोपाल

रंग भरो 214



बच्चो, यहां तालाब में तैर रही डक और डकलिंग्स का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बालीनगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

खबर संक्षेप

स्वच्छता नियम तोड़ने पर काटे 3 के चालान

हिसार। शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान सीटीएल प्रदीप जाखड़ और तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू ने डीएन कॉलेज रोड में निरीक्षण के दौरान सिंगल यूज प्लॉस्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग करते पाएं जाने पर 3 दुकानदारों के 500-500 रुपये के कुल 1500 रूपये के चालान किए।

एमसी-डीसी कॉलोनी से हटाया अतिक्रमण

हिसार। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। निगम की टीम ने अभियान की शुरुआत गुरुवार को रेड स्क्वेयर मार्केट से अतिक्रमण हटवाकर की। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन रोड पर कार्रवाई के दौरान दो से तीन रेहड़ी संचालकों का सामान जब्त किया गया। टीम ने एमसी-डीसी कॉलोनी मार्केट में कार्रवाई के दौरान तीन से चार दुकानदारों का सामान जब्त किया। इसके अलावा दिल्ली रोड पर जिंदल चौक में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान राजगुरु मार्केट, बालाजी मार्केट, पूजा मार्केट, आर्य बाजार और बिश्नोई मार्केट में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा तलाकी गेट से विश्वकर्मा धर्मशाला तथा बस स्टैंड से सिरसा चुंगी तक भी टीम ने सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाया।

अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

हिसार। सीआईए मिल गेट टीम ने साउथ बाइपास से एक युवक को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रजत निवासी ढाणी श्याम लाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध रिवॉल्वर, एक पिस्टल, तीन कारतूस और मैगजीन बरामद की है।

पाबड़ा मंदिर में चोरी का दूसरा आरोपी धरा

बरवाला। पुलिस ने पाबड़ा मंदिर में चोरी के मामले में दूसरे आरोपी सत्यवान निवासी बरवाला को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस मामले में आरोपी विकास को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। थाना बरवाला प्रभारी इंस्पेक्टर जितेंद्र ने बताया कि 25 सितंबर को मंदिर से छत्र व अन्य सामान चोरी होने के संबंध में शिकायत मिलने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि वारदात में सत्यवान और विकास शामिल थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहले आरोपी विकास को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया था। अब मामले में दूसरे आरोपी सत्यवान को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

निगम ने 30 बेसहारा पशु भेजे गोअभयारण्य

हिसार। नगर निगम के द्वारा शहर में बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस कड़ी में निगम की पशु पकड़ो टीम ने अमरदीप कॉलोनी, मॉल कॉलोनी और श्याम विहार क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 30 बेसहारा पशुओं को पकड़ा और उन्हें गोअभयारण्य पहुंचाया। पशु पकड़ो टीम ने रोहित एएसआई की निगरानी में अभियान चलाकर पशुओं को पकड़ा और उन्हें गो अभयारण्य भेज दिया।

निजीकरण के खिलाफ संयुक्त मोर्चा का सर्कल स्तर पर प्रदर्शन

बिजली निगम को निजी हाथों में सौंपने के खिलाफ कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

बिजली निगम को निजी हाथों में सौंपने की सरकारी नीतियों के विरोध में बिजली निगम के सभी संगठनों के संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल के पहले दिन कर्मचारियों ने सर्कल स्तर पर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शन की अध्यक्षता हेड ऑफिस भिवानी के प्रदेश डिप्टी चीफ ऑर्गेनाइजर प्रदीप लौरा ने की, जबकि मंच का संचालन एसईबीसी यूनियन के सर्कल सचिव हंसराज ने किया। इस दौरान किसान मोर्चा, एसएफआई, पब्लिक हेल्थ, नगर निगम, फायर ब्रिगेड, जनवादी महिला समिति और पीडब्ल्यूडी समेत विभिन्न सामाजिक और कर्मचारी संगठनों ने बिजली कर्मियों का समर्थन किया। प्रदर्शनकारियों ने सबसे पहले बिजली निगम परिसर में जमकर नारेबाजी की और सरकार की निजीकरण नीतियों का पुरजोर विरोध किया। इसके बाद कर्मचारी और सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधि जुलूस के रूप में सड़कों पर उतरे। यह जुलूस फव्वारा चौक से होता हुआ किसान चौक पहुंचा, जहां एक विरोध सभा में तब्दील हो गया।



जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है यह लड़ाई : प्रदीप

हेड ऑफिस भिवानी के प्रदेश मुख्य संगठनकर्ता प्रदीप लौरा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जनता से मिल रहे अपार समर्थन को देखकर स्पष्ट है कि बिजली कर्मियों की यह एकजुटता अब केवल कर्मचारियों की माँग नहीं, बल्कि एक सामाजिक जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है। यह हड़ताल अपने लक्ष्य को हासिल किए बिना समाप्त नहीं होगी। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अशोक सैनी ने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार या तो इलेवन पावर कॉर्पोरेशन का लाइसेंस तुरंत प्रभाव से रद्द करे, अन्यथा जब तक मांग पूरी नहीं होती, तब तक बत्ती गुल रहेगी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से विजेंद्र पूनिया, राजकुमार महला, भूपेंद्र, विकास, उमेश बुरा, सर्कल सचिव ओम प्रकाश वर्मा, दिनेश, गौरव, अनिल सहित भारी संख्या में बिजली निगम के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

हड़ताल को लेकर हांसी प्रशासन अलर्ट

हांसी। बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल को देखते हुए जिला हांसी में प्रशासन ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा इंतजाम तेज कर दिए हैं। हड़ताल के दौरान संभावित धरना-प्रदर्शन, नारेबाजी और विरोध गतिविधियों के मद्देनजर थाना स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिलाधीश राहुल नरवाल ने संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहने और किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासनिक आदेशों के अनुसार, तहसीलदार अनिल कुमार को सिटी थाना हांसी, उप-तहसीलदार सुरेश कुमार को सदर थाना हांसी, उपमंडल अधिकारी (जल सेवाएं), नारनौंद अजय सिंह को नारनौंद थाना तथा उप-तहसीलदार कृष्ण कुमार को बास थाना क्षेत्र का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

बिजली कर्मचारियों का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, पुलिस तैनात



नारनौंद। एचईआरसी द्वारा गुरुग्राम तथा नूंह सर्कल को प्राइवेट एजेंसी इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को निजी हाथों में सौंपने पर संयुक्त मोर्चा के निर्देश पर तीन दिनों की हड़ताल के पहले दिन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान जयप्रकाश सोनी ने की तथा संचालन सब यूनिट सचिव सत्यवान शर्मा द्वारा किया गया। सभी बिजली कर्मचारियों ने बिजली बोर्ड कार्यालय से बस स्टैंड तक सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और चेतावनी दी की हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो हड़ताल को अनिश्चित करने के लिए बढ़ा दिया जाएगा। सभी वक्ताओं ने एक स्वर से निजीकरण का विरोध किया तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सरकार को चेतावनी दी की सरकार इस फरमान को तुरंत प्रभाव से निरस्त करें। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारी सरकारी अस्पताल को छोड़कर किसी भी जगह खराब हुई लाइट को ठीक नहीं करेंगे और जहां पर लाइट चल रही है उसको बंद भी नहीं करेंगे। इस दौरान किसी भी एक प्रिया घटना से निपटने के लिए थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ बिजली बोर्ड में ही खड़े नजर आए।

इलेवन पावर कंपनी को थमाया लाइसेंस वापस ले सरकार : बृजलाल



हिसार। हरियाणा में बिजली वितरण व्यवस्था के निजीकरण के मुद्दे पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने प्रदेश सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी 'इलेवन पावर' को समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस जारी करना सार्वजनिक बिजली ढांचे को पूरी तरह तबाह करने की साजिश है। उन्होंने इस जनविरोधी फैसले को तत्काल रद्द करने तथा सरकारी बिजली निगमों का अस्तित्व बचाने की पुरजोर मांग की है। बृजलाल बहबलपुरिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिजली आमजन की प्राथमिक आवश्यकता है, न कि किसी निजी कॉर्पोरेट घराने का मुनाफा कमाने का जरिया। उन्होंने कहा कि दशकों के परिश्रम और जनता के पैसे से निर्मित सरकारी बिजली व्यवस्था को दरकिनार कर किसी निजी कंपनी को बिजली वितरण का जिम्मा सौंपना कर्मचारियों, किसानों और आम उपभोक्ताओं के भविष्य पर सीधा कुठाराघात है। हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आंदोलन का समर्थन करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारी केवल अपने हक की ही नहीं, बल्कि समूचे सार्वजनिक ढांचे को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इस न्यायपूर्ण संघर्ष में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।



इच्छाओं के त्याग से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव : आचार्य अंकित

हिसार। आर्य समाज, मॉडल टाउन के 74वें वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन का भव्य शुभारंभ पावन देव यज्ञ के साथ हुआ। यज्ञ में जयपाल, आनंद गर्ग व सुभाष आर्य ने अपनी धर्मपत्नियों के साथ तथा सत्यम बत्रा व उनकी माताजी सुमन बत्रा ने मुख्य यजमान के रूप में शिरकत कर आहुतियां प्रदान कीं। यज्ञब्रह्मा आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने पवित्र वेदमंत्रों का पाठ कराया और वह प्यारा गीत मैं गा न सका जो गीत मैं गाने आया था, वह सुंदर साज बजा न सका जो साज बजाने आया था... भजन की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को जीवन जीने का सच्चा मार्ग दिखाया।यज्ञ के उपरांत आयोजित सत्संग में सबसे पहले रेखा गौतम व मेरठ से पधारे प्रसिद्ध पंडित अजय आर्य ने प्रभु भक्ति से ओत-प्रोत भजन प्रस्तुत किया। अजमेर से पहुंचे मुख्य वक्ता आचार्य अंकित प्रभाकर ने वेदमंत्रों की सारगर्भित व्याख्या करते हुए कहा कि मानव जीवन को संन्यास वृत्ति यानी त्याग भाव के साथ जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि सांसारिक जीवन समाप्त होने से पूर्व यदि हमारी तृष्णाएं और इच्छाएं समाप्त हो जाती हैं, तो मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। इसके विपरीत यदि इच्छाएं जीवित रहीं और जीवन समाप्त हो गया, तो जीव जन्म-मरण के बंधन में बंधा रहता है। इसलिए हमें अपने विचारों के माध्यम से इच्छाओं का त्याग करना चाहिए। इस अवसर पर वीरेंद्र आर्य, रामकुमार रावलवासिया, पवन रावलवासिया, रामपाल आर्य, आनंद गर्ग, सुरेंद्र बेरवाल, देवेन्द्र सैनी, अशोक गौतम, अशोक गुट, सीताराम आर्य, महेंद्र आर्य, प्रीतम, जितेन्द्र बख्शी, सविता वेदांशु, सुमन आर्य, साधना मेहता, आदर्श गुट और योगिता राजपाल सहित अनेक गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

- आर्य समाज मॉडल टाउन के वार्षिकोत्सव का दूसरा दिन

जीजेयू में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का शुभारंभ

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व हरियाणवी लोक विरासत की झलक ने मोहा मन

- 17 राज्यों के 200 एनएसएस स्वयंसेवक ले रहे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का शुभारंभ हुआ। हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद के सौजन्य से आयोजित इस राष्ट्रीय शिविर में देश के हरियाणा सहित 17 राज्यों से आए 200 एनएसएस स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समन्वय, सामाजिक सेवा और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक जीवनशैली और हस्तशिल्प को प्रदर्शित करने वाली रंगारंग प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में प्राचीन कुएं, घटी, ओखली, मूसल सहित ग्रामीण जीवन में उपयोग होने वाली पारंपरिक वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी ने हरियाणा की लोक विरासत, परंपरागत ज्ञान और सांस्कृतिक जीवन के विविध पक्षों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने की।



हिसार। शुभारंभ करते मुख्य अतिथि हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण का आधार : प्रो. काम्बोज

मुख्य अतिथि प्रो. बी. आर. काम्बोज ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण का आधार है। युवाओं की ऊर्जा और रचनात्मक क्षमता राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने युवाओं को प्रकृति, पर्यावरण और ग्रामीण जीवन से जुड़ी चुनौतियों के प्रति संवेदनशील रहने तथा अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज के कल्याण के लिए करने का संदेश दिया। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय एकीकरण शिविर युवाओं को देश की विविध सांस्कृतिक परंपराओं को समझने, आपसी संवाद बढ़ाने और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को आत्मसात करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं।

पेंशनर्स को 30 नवंबर तक देना होगा बायोमेट्रिक लाइफ सर्टिफिकेट

हिसार। प्रदेश सरकार से पेंशन प्राप्त कर रहे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपनी पेंशन निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए 30 नवंबर तक बायोमेट्रिक जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाना होगा। जिला खजाना कार्यालय हिसार से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों की सुविधा के लिए प्रमाण पत्र जमा करवाने की तिथियां निर्धारित की गई हैं। जिला कोषाधिकारी नरेंद्र ने बताया कि खजाना कार्यालय हिसार से करीब 10 हजार पेंशनर पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि खजाना कार्यालय में जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने के लिए पेंशनरों को अपने नाम के अंग्रेजी वर्णमाला के पहले अक्षर के अनुसार पहुंचना होगा, जिनमें ए, बी, सी और डी अक्षर से नाम शुरू होने वाले पेंशनर 2 से 6 नवंबर तक, ई, एफ, जी, एच, आई और जे अक्षर से नाम शुरू होने वाले पेंशनर 9 से 14 नवंबर तक, के, एल, एम, एन, ओ, पी, क्यू और आर अक्षर से नाम शुरू होने वाले पेंशनर 19 से 23 नवंबर तथा एस, टी, यू, वी, डब्ल्यू, एक्स, वाई और जेड अक्षर से नाम शुरू होने वाले पेंशनर 24 से 27 नवंबर तक अपना जीवित प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। जो बुजुर्ग या बीमार पेंशनर खजाना कार्यालय आने में असमर्थ हैं, वे इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के प्रतिनिधि के माध्यम से घर बैठे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनवा सकते हैं। इस सुविधा के लिए सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क लागू होगा।

- बुजुर्ग व बीमार पेंशनर घर बैठे कर सकेंगे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट प्रक्रिया

नहरों में दो सप्ताह पानी छोड़ने बारे होगा निर्णायक आंदोलन

हिसार। अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर नहरों में दो सप्ताह पानी छोडने व फरीदपुर माइनर से पाबड़ा नहर में पानी छोडने की मांग को लेकर गुरुवार को नहर विभाग हिसार के मुख्य अभियंता कार्यालय पर जिला प्रधान कपूर सिंह बगला व उकलाना तहसील के प्रधान मा. फूल सिंह, सचिव प्रदीप बूरा व सत्यवान रेढू के नेतृत्व में प्रदर्शन किया व ज्ञापन सौंपा गया। किसान सभा नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा अगर पी.एल.सी. पाबड़ा नहर से फरीदपुर माइनर में जल्द से जल्द पानी नहीं छोड़ा गया व सभी नहरों में दो सप्ताह पानी नहीं छोड़ा गया तो जिला कमेटी मीटिंग कर आंदोलन तेज करते हुए पक्का मोर्चा लगाया जाएगा। किसान सभा के जिला सचिव सरबत सिंह पूनिया, राज्य उप प्रधान शमशेर नम्बरदार व राज्य सह सचिव सतबीर धायल ने बताया पीएलसी पाबड़ा नहर से फरीदपुर माइनर लगभग 2 वर्ष से जोड़ा जा चुका है परन्तु पाबड़ा नहर से फरीदपुर माइनर में अभी तक पानी नहीं छोड़ा जा रहा। उन्होंने कहा आसपास के गांव कनोह, किरोड़ी, बालक, पाबड़ा, फरीदपुर, दौलतपुर आदि गांवों के किसान लगभग 30 साल से फरीदपुर माईनर को पीएलसी पाबड़ा से जोडने की मांग कर रहे हैं। किसान नेताओं ने कहा कि इस क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल के लिए फरीदपुर माइनर मुख्य स्रोत है। वर्तमान में एक सप्ताह व कम पानी आने के कारण हमारी फसलें सूख रही हैं। इसके अलावा कम पानी आने से पीने के पानी का मवेशियों तथा ग्रामीणों के लिए भारी संकट पैदा हो गया है। इस मौके पर किसान नेता अभेराम फ़ौजी, रमेश मिरकां, कमला, संदीप बैनीवाल, गुलाब पूनिया, रमेश पूनिया, मा. बलराज बालक, ओमप्रकाश पाबड़ा, सुरेश नम्बरदार, राममेहर फरीदपुर, पूर्व सरपंच राजकुमार कनोह, सोनू ढाका, सुरेंद्र मान आदि मौजूद थे।

- पाबड़ा नहर से फरीदपुर माइनर में पानी छोडने व दो सप्ताह पानी देने की मांग



होली चाइल्ड के तेजस और पल्लवी ने स्केटिंग में जीते मेडल

हिसार। होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने सीबीएसई सहोदय स्पीड स्केटिंग इंटर-स्कूल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता दिल्ली पब्लिक स्कूल हिसार में आयोजित की गई जिसमें विद्यालय के दो खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किए। विद्यालय की कक्षा दूसरी के विद्यार्थी तेजस वत्स ने अंडर-9 इनलाइन स्केटिंग श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा नौवीं की छात्रा पल्लवी ने अंडर-17 क्वाड्स स्केटिंग श्रेणी में तीसरा स्थान हासिल कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। दोनों विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और खेल भावना से यह उपलब्धि प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस शानदार सफलता पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर.एस. सिंधु व प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी है।





वैदिक संस्कार ही देते मनुष्य के जीवन को सही दिशा और ऊर्जा

बरवाला। थर्मल कॉलोनी खेदड़ स्थित डीएवी आरजीटीपीपी पब्लिक स्कूल में 'प्रेरणा सप्ताह' के तहत एक भव्य और आकर्षक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उप सभा, हरियाणा एवं आर्य युवा समाज, हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा के प्रधान एवं विद्यालय के उप-प्रधान सत्यपाल आर्य की प्रेरणा तथा विद्यालय प्रबंधक अजय एलावादी के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। महात्मा आनन्द स्वामी की पावन जयंती के अवसर पर निकाली गई इस शोभा यात्रा में छात्र-छात्राओं ने हाथों में भगवा ध्वज, 'ओ३म्' की पताकाएं लेकर और वैदिक मंत्रोच्चार व नारों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या कोमल शर्मा ने कहा कि वैदिक संस्कार ही मानव जीवन को सही दिशा और सार्थकता प्रदान करते हैं।

लाडवा की कबड्डी टीम ने मारी बाजी

हिसार। खरड़ अलीपुर में आयोजित अंडर-11 विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में हिसार प्रथम ब्लॉक की ओर से खेलते हुए ग्राम पंचायत लाडवा खेल नर्सरी की लड़कों की कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान लाडवा की टीम ने अग्रोहा, उकलाना, आदमपुर और फाइनल में हांसी प्रथम खंड की टीमों के खिलाफ शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम ने बेहतरीन तालमेल, रेडिंग और शानदार डिफेंस के दम पर मुकाबलों में जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबले में भी लाडवा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। इस शानदार उपलब्धि पर ग्राम पंचायत लाडवा के सरपंच रामफल पूनिया ने सभी विजेता खिलाड़ियों एवं कोच राहुल लांबा को बधाई दी।

असाधारण और सराहनीय कार्य करने वाली स्थानीय प्रतिभाएं सम्मानित

हिसार। अग्रोहा स्थित ओम लाइब्रेरी में गौपुत्र दल के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची आईएएस अधिकारी परी बिश्नोई ने शिक्षा, खेल, रक्तदान, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, कला, आयुर्वेद तथा जीव रक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण और सराहनीय कार्य करने वाली स्थानीय प्रतिभाओं को सम्मानित किया। समारोह के दौरान समाज सेवा और उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न विशिष्ट जनों को नवाजा गया। इनमें शिक्षा के क्षेत्र से मोनिका व शीला, रक्तदान के क्षेत्र से कृष्ण मुरारी व राजकुमार, पर्यावरण संरक्षण में मंगत राम व अनिल बिश्नोई, कला के क्षेत्र में राजकुमार, खेल जगत से अमीन भुम्बक कुलेरी, आयुर्वेद के क्षेत्र में कपूर चंद तथा जीव रक्षा के लिए समर्पित टिंकू व पाला राम को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी किशोरी लाल, थाना प्रभारी ईश्वर, सुनील क्रांतिकारी, पूर्व सरपंच पवन कुमार, प्रमोद स्वामी, जिला अध्यक्ष संदीप गैबीपुर, श्याम सुंदर नाथ सहित टिंकू, अमन, गोबिंद, गुरमेश आदि उपस्थित रहे।



हकृवि की उन्नत किस्मों की देशभर में बढ़ रही मांग: प्रो काम्बोज

- मंगलम सीड्स लिमिटेड, अहमदाबाद ने हकृवि के साथ किया समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित उन्नत किस्मों की मांग देशभर में निरंतर बढ़ रही है। विश्वविद्यालय की अनुसंधान उपलब्धियों को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने और गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलम सीड्स लिमिटेड, अहमदाबाद (गुजरात) ने हकृवि के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य कृषि अनुसंधान के माध्यम से किसानों को ऐसी उन्नत किस्में और नवीनतम तकनीकें उपलब्ध करवाना है, जो कृषि उत्पादन बढ़ाने तथा खेती को और अधिक लाभकारी बनाने में सहायक हों। विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि मंगलम सीड्स लिमिटेड के साथ हुए इस समझौते में हकृवि की पांच उन्नत किस्मों को शामिल किया गया है। इनमें सरसों की आरएच 725 और आरएच 1975, मूंग की एमएच 1142, ज्वार की सीएसवी 53 वी तथा ग्वार की 2-20 किस्म शामिल हैं। डॉ. गर्ग ने आगे स्पष्ट किया कि सरसों की ये उन्नत किस्में किसानों को तिलहन उत्पादन के लिए बेहतर विकल्प उपलब्ध कराने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होंगी। वहीं मूंग जैसी दलहनी फसल विविधीकरण और फसल चक्र में उपयोगी भूमिका निभाती है। ज्वार की किस्म पशुपालकों के लिए चारे का एक बेहतर विकल्प प्रदान करेगी।

बैंक पेंशनर्स को किया जागरूक

हिसार। ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन हिसार सर्कल द्वारा गुरुवार को स्टेट बैंक जनरल सुपर टॉप-अप हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी के संबंध में एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को के.एम. दस्तूर इंश्योरेंस एंड रीइंश्योरेंस ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया। सेमिनार में विभिन्न बैंकों के लगभग 80 सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य बैंक पेंशनर्स को स्टेट बैंक जनरल सुपर टॉप-अप पॉलिसी की विशेषताओं, नियमों एवं शर्तों तथा स्वास्थ्य बीमा से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था, ताकि सेवानिवृत्त बैंककर्मी स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के समय अपनी बीमा सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं सजग निर्णय ले सकें। इस अवसर पर के.एम. दस्तूर इंश्योरेंस एंड रीइंश्योरेंस ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री भूपिंदर सिंह ने पॉलिसी के विभिन्न प्रावधानों, कवरेज, नियमों एवं शर्तों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य बीमा दावों के निपटान से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं, दावों के दौरान आने वाली समस्याओं तथा उनके समाधान के बारे में भी विस्तार से चर्चा की।





चीफ जस्टिस के गांव में बनेगा बिजलीघर

नारनौंद। गांव पेटवाड़ में चीफ जस्टिस सूर्यकांत के सम्मान समारोह के समय की गई मुख्य मांग 33 केवीए बिजली घर का निर्माण कार्य शुरू हो गया। इस बिजली घर के बनने से गांव की बिजली सप्लाई को सुचारू रूप से चलाया जा सकेगा। बिजली भी ज्यादा समय उपलब्ध होगी। निर्माण कार्य के शुभारंभ पर गांव की समिति सहित एसडीएम विकास यादव उपस्थित रहे। एसडीएम यादव ने निर्माण कार्य के ठेकेदार को शीघ्र कार्य पूरा करने को कहा। समिति के सदस्यों ने विशेष तौर पर पूजन करके एसडीएम के हाथों से नारियल फोड़ कर तथा लड्डू बांटकर कार्य का शुभारंभ करवाया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत के भाई मास्टर ऋषिकांत ने बताया कि पूरे गांव की तरफ से चीफ जस्टिस का मान सम्मान किया गया था। उसे समय गांव के विकास के लिए कुछ मांगे रखी गई थी उनमें से एक मुख्य मांग थी कि गांव में 33 केवीए का बिजली घर बनाया जाए। आज उसकी नींव रख दी गई है इससे गांव को काफी फायदा पहुंचेगा।

एसपी ने किया सदर थाना का निरीक्षण, रिकॉर्ड व्यवस्था जांची

हांसी। जिला हांसी में पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने गुरुवार को थाना सदर हांसी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की रिकॉर्ड व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, साफ-सफाई और पुलिस कर्मचारियों के कार्य वातावरण का जायजा लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने रोजनामचा, एफआईआर, शिकायत, हिस्ट्रीशीटर, समन-वारंट, गुमशुदगी, बीट, वाहन जब्ती, हवालात और मालखाना सहित सीसीटीएनएस रिकॉर्ड की जांच की। उन्होंने सभी रजिस्टरों को अद्यतन एवं व्यवस्थित रखने तथा लंबित मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मालखाने में रखी केस प्रॉपर्टी की सुरक्षा और रखरखाव व्यवस्था भी जांची। एसपी ने पुलिस जवानों की बैरक, मेस, शौचालयों और थाना परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण करते हुए स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर डीएसपी विनोद शंकर, निरीक्षक सदानंद, थाना प्रभारी सदर सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



खबर संक्षेप

शरद पूर्णिमा खीर के प्रसाद का वितरण 26 को

हिसार। शरद पूर्णिमा पर्व के अवसर पर श्रीसनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में अमृतमयी खीर के प्रसाद का वितरण 25 अक्टूबर रविवार को रात्रि 12 बजे से 12:30 बजे तक व 26 अक्टूबर सोमवार को प्रातः 6 बजे से मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के सचिव मधुसूदन गुप्ता व प्रमोद मित्तल सीए ने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि शरद पूर्णिमा पर अधिक से अधिक संख्या में मधुर खीर का प्रसाद ग्रहण करके पुण्य के भागी बनें।

गुजवि के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों का दल बुधवार को बीर और मैकलोडगंज के शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार ने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना, आपसी सहयोग और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में सहायक होते हैं। विभाग के शिक्षक डॉ. मनोज एवं डॉ. पवन कुमार विद्यार्थियों की सुरक्षा, अनुशासन व सुविधाओं का ध्यान रखेंगे।

दिव्यांग केंद्र में निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन कैंप आज

हिसार। दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में 23 अक्टूबर को निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल ने बताया कि जन सहयोग से आयोजित होने वाले इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सक आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित बुजुर्गों का ऑपरेशन निशुल्क करेंगे।

अग्र बंधुओं ने कुलभूषण बंसल को किया सम्मानित

हिसार। अग्रवाल समाज ने कुलभूषण बंसल को संयुक्त आयुक्त नगर निगम हिसार नियुक्त किए जाने पर सम्मानित किया। महाराजा अग्रसेन प्रचार प्रसार सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अनेक संस्थाओं से जुड़े हुए ललित बंसल के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय में जाकर उन्हें बुक्का भेंटकर पटका पहनाकर स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। इस मौके पर महाराजा अग्रसेन प्रचार प्रसार सेवा ट्रस्ट के प्रधान आत्मा राम गर्ग, विक्की बंसल, बैंक से रिटायर्ड आत्मा राम गर्ग व अन्य वैश्य बंधु मौजूद रहे।

भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस 25 अक्टूबर को

हिसार। कुलेरी स्थित भगवान वाल्मीकि पुस्तकालय में 25 अक्टूबर, रविवार को भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस एवं मूर्ति स्थापना समारोह होगा। इस अवसर पर पारितोषिक वितरण समारोह भी होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। भगवान वाल्मीकि ट्रस्ट के अध्यक्ष जसवंत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला होंगे, जबकि अध्यक्षता उकलाना वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के पूर्व चेयरमैन श्रीनिवास गोयल करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. डीपी वत्स, एचएसएससी सदस्य साधु राम जाखड़ आदि भी साथ होंगे।

हड़प्पा सभ्यता की विरासत को मिलेगा नया स्वरूप विश्व स्तरीय पुरातात्विक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा राखीगढ़ी

राखीगढ़ी संग्रहालय का कार्य जल्द होगा पूरा, शेष कार्य के लिए ₹188 करोड़ मंजूर: डॉ. अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

हरियाणा के सहकारिता, पुरातत्व, पर्यटन एवं संग्रहालय मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि हड़प्पा सभ्यता के प्रमुख स्थलों में शामिल ऐतिहासिक पुरातात्विक स्थल राखीगढ़ी को विश्वस्तरीय पहचान दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। राखीगढ़ी में आधुनिक म्यूजियम कॉम्प्लेक्स का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा, शेष बचे कार्य के लिए लिए 188 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। इस परियोजना से राखीगढ़ी की ऐतिहासिक विरासत को नया स्वरूप मिलेगा और यह स्थल पुरातात्विक शोध, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित होगा।

'अस्तित्व' का विमोचन

डॉ. अरविंद शर्मा राखीगढ़ी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अस्तित्व जर्नल का विमोचन भी किया । उन्होंने कहा कि राखीगढ़ी भारत की प्राचीन सभ्यता, वैज्ञानिक सोच, विकसित नगर नियोजन और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण प्रतीक है। यहां की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने, पुरातात्विक खोजों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने और देश-विदेश में इसकी पहचान बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।



नारनौंद। पदमश्री आरएन बिष्ट को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

झज्जर में बनेगा गुरुकुल, डीपीआर तैयार

डॉ. अरविंद शर्मा ने झज्जर में गुरुकुल निर्माण की योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस विकास परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। इसे आगामी निविदा प्रक्रिया के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरुकुल का नाम आचार्य भगवान देव के नाम पर रखने के संबंध में जल्द ही मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से विचार-विमर्श किया जाएगा।

यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर सीडीएलयू के वीसी प्रो विजय कुमार, पद्मश्री डॉ आरएस बिष्ट, उपनिदेशक डॉ. नरेंद्र परमार, डॉ अमरेंद्र नाथ, डॉ. गरिमा सिंह आदि पुरातात्विक वैज्ञानिक ने विस्तार से हड़प्पा कालीन समृद्ध संस्कृति के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डॉ. संजय कुमार, डॉ. अरुण मुंजाल,डॉ मनमोहन ,डॉ. पंकज गोयल, एसडीएम विकास यादव, तहसीलदार अनिल विधान, बीडीपीओ अशोक मेहरा, दिनेश श्योराण, सरपंच मीनाक्षी सहित अनेक पुरातात्विक वैज्ञानिक, शिक्षाविद और अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक में 13 परिवादों में से 11 का मौके पर ही किया समाधान

12 करोड़ की ठगी के मुख्य आरोपी का जारी करवाया ब्लू कॉर्नर नोटिस

कैबिनेट मंत्री डॉ. शर्मा ने अधिकारियों को एक महीने में ठोस कार्रवाई करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में गुरुवार को जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कुल 13 शिकायतें रखी गईं, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित समाधान कर दिया गया। शेष बची शिकायतों को आगामी बैठक के लिए लंबित रखते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए गए हैं। बैठक में उपायुक्त महेंद्र पाल ने भी हिस्सा लिया और मिले निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा दिलाते हुए शेष मामलों का समयबद्ध समाधान करने की बात कही। बैठक में आदमपुर निवासी सुरेश कुमार ने लगभग 12 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में कैबिनेट मंत्री को पुलिस अधीक्षक द्वारा अवगत करवाया गया कि मुख्य आरोपी विदेश में है। उसके विरुद्ध ब्ल्यू कॉर्नर नोटिस जारी करवा दिया गया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस मामले में प्रार्थी के पैसे वापिस मिलने चाहिए और आगामी एक महीने के अंदर ठोस कार्रवाई कर मामले का समाधान किया जाए।


हिसार। जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक में नागरिकों की समस्या सुनते कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद कुमार शर्मा।

ऐरन गोल्ड सुक प्रोजेक्ट पर अंतिम निर्णय के निर्देश

जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की मासिक बैठक में ऐरन गोल्ड सुक प्रोजेक्ट की कथित अनियमितताओं संबंधी मामले में कैबिनेट मंत्री ने पुलिस अधीक्षक को ग्रीवेंस कमेटी के सदस्यों के साथ गंभीरता से जांच करके जल्द से जल्द अंतिम निर्णय लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मामला काफी समय से लंबित है इसलिए इसके समाधान की दिशा में ठोस निर्णय लें।

हिरासत में मारपीट मामले की जांच के लिए बनाई कमेटी

गांव बधावड़ के प्रार्थियों द्वारा बरवाला थाना पुलिस अधिकारियों और मेडिकल स्टाफ के खिलाफ शिकायत दी गई और पुलिस हिरासत में मारपीट, जबरन जमीन के कागजात पर हस्ताक्षर करवाने और गलत मेडिकल रिपोर्ट बनाने की बात रखी गई। इस मामले में कैबिनेट मंत्री ने ग्रीवेंस कमेटी के सदस्यों को जांच में शामिल करते हुए अगली बैठक तक अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया।

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए दवा की नहीं आएगी दिक्कत

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को दवा से जुड़ी पटेल नगर के शिव कुमार की शिकायत पर सिविल सर्जन ने अवगत कराया कि दवा आपूर्ति में कुछ दिक्कत जरूर आई थी, लेकिन अब नया टेंडर हो चुका है और भविष्य में मरीजों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। मिलगेट की रेखा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सेक्टर 24 में आंबटित फ्लैट दिलवाने के मामले पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि वे इस संबंध में स्वयं चंडीगढ़ मुख्यालय जाकर अधिकारियों से चर्चा कर चुके हैं, जिस पर जल्द ही निर्णय ले लिया जाएगा। आदमपुर निवासी विजेन्द्र की हिसार वन विभाग के एफ-37 भवन की बोली छुड़वाने से जुड़े मामले में मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रार्थी 75 प्रतिशत राशि जमा करवाकर अपना कार्य पूर्ण कर सकता है। इस पर विभाग ने भी अपनी सहमति जताई।

इन मामलों का भी समाधान

बैठक के दौरान कई अन्य मामलों का भी तुरंत निपटारा किया गया। इनमें रणधीर शर्मा की खराब स्ट्रीट लाइट की शिकायत, कृष्णा देवी भोजराज की एचएसवीपी रिफंड राशि की मांग, रोशनी देवी का ट्रांसफार्मर बदलना, सदलपुर ढाणियों के लिए अलग बिजली सप्लाई, और ग्राम पंचायत रावलवास सरपंच राजेश कुमारी की श्मशान घाट व ढाणियों को पेयजल लाइन से जोड़ने की मांग शामिल रही, जिन्हें संबंधित अधिकारियों द्वारा हल कर दिया गया है। इस अवसर पर नलवा विधायक रणधीर पनिहार, उपायुक्त महेंद्र पाल, पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, जिला नगरायुक्त सी जयाश्रद्धा, एसीयूटी विवेक यादव, अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश रोहित कुमार, ललित शर्मा सहित कष्ट निवारण समिति के सदस्य एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

हरियाणा साइकिल पोलो टीम का चयन कल उकलाना में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

जोधपुर में 15 से 18 नवंबर तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय साइकिल पोलो प्रतियोगिता के लिए हरियाणा की टीम का चयन 24 अक्टूबर को किया जाएगा। साइकिल पोलो संघ हरियाणा की ओर से टीम चयन के लिए ट्रायल प्रातः 10 बजे राजकीय प्राथमिक पाठशाला, उकलाना के मैदान में होंगे।

साइकिल पोलो संघ हरियाणा के प्रवक्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर और वरिष्ठ पुरुष वर्ग के मुकाबले होंगे। सब जूनियर वर्ग में 14 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी तथा जूनियर वर्ग में 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। वरिष्ठ पुरुष वर्ग में किसी भी आयु का खिलाड़ी हिस्सा ले सकता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के किसी भी जिले का खिलाड़ी चयन ट्रायल में भाग ले सकता है। ट्रायल के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।


आदमपुर। सोसायटी के बाहर डीएपी खाद लेने के लिए लंबी कतारों में लगे किसान।

डीएपी के लिए मारामारी, 12 घंटे लाइन में लगने पर भी बैरंग लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

क्षेत्र में डीएपी खाद की भारी किल्लत के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रबी फसलों गेहूं, चना और सरसों की बिजाई का सीजन चरम पर है, लेकिन खाद के लिए मारामारी ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। गुरुवार को आदमपुर स्थित सोसायटी पर खाद लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ जमा रही। कतार में खड़े किसान संदीप दड़ोली, जोगिंदर मोहब्बतपुर, नरसी और शेर सिंह सहित कई अन्य किसानों ने बताया कि वे तड़के सुबह 4 बजे ही लाइन में आकर खड़े हो गए थे। इसके बावजूद दोपहर 12 बजे तक भी उनका नंबर नहीं आ सका था। दिनभर सोसाइटी के बाहर किसानों की सैकड़ों मीटर लंबी कतारें लगी हुई थीं। सुबह से भूखे-प्यासे और लगातार खड़े रहने के कारण थक-हारकर कई किसान जमीन पर ही बैठने को मजबूर हो गए।

ज़रूरत ज़्यादा की, कट्टे मिल रहे सिर्फ चार

किसानों ने बताया कि इस समय सरसों, चना और गेहूं की बिजाई की तैयारी चल रही है, जिसके लिए डीएपी खाद अति आवश्यक है। लेकिन इतनी मशक्कत के बाद भी प्रशासन द्वारा प्रति किसान केवल 4-4 कट्टे ही दिए जा रहे हैं, जो उनकी खेती के क्षेत्रफल के हिसाब से बेहद नाकाफ़ी हैं। पूरे दिन लाइन में लगे रहने के बाद भी खाद न मिलने से बिजाई का काम पिछड़ रहा है। किसानों ने जिला व स्थानीय प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है।

16वीं सीनियर नेशनल हॉकी में हरियाणा की टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा की पुरुष हॉकी टीम ने 16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2026 का फाइनल मुकाबला जीतकर इतिहास के पन्नों में नाम दर्ज करा लिया है। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच एवं हॉकी हरियाणा के मुख्य कोच संदीप सांगवान के मार्गदर्शन में हरियाणा ने खिताबी भिड़ंत में मध्य प्रदेश की टीम को 2-1 से शिकस्त दी और चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। कोच संदीप सांगवान के कार्यकाल में हरियाणा ने इससे पहले वर्ष 2011 और 2022 में भी यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया था।

रोमांचक फाइनल मुकाबले में मध्य प्रदेश ने आक्रामक शुरुआत करते हुए मैच के 14वें मिनट में मोहम्मद जेद खान के शानदार फील्ड गोल की बदौलत 1-0 की बढ़त बना ली थी। हालांकि, हरियाणा के खिलाड़ियों ने दबाव में मानसिक संतुलन खोने के बजाय शानदार वापसी की और खेल का पासा पलट दिया। मैच के 21वें मिनट में नवराज सिंह ने बेहतरीन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मुकाबले के 50वें मिनट में जोगिंदर सिंह ने एक और उम्दा पेनल्टी कॉर्नर पर निर्णायक गोल दागकर हरियाणा को 2-1 की बढ़त दिला दी। मैच के अंतिम क्षणों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने अंतिम सीटी तक अपनी बढ़त को सुरक्षित रखा।



कोच संदीप के नेतृत्व में तीसरा राष्ट्रीय खिताब

कोच संदीप सांगवान के लिए यह स्वर्णिम उपलब्धि बेहद खास है। उनके मार्गदर्शन में हरियाणा ने 2011, 2022 और अब 2026 में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता है, जो उनकी लंबी कोचिंग यात्रा और खिलाड़ियों में विजेता की मानसिकता विकसित करने की उनकी क्षमता का प्रमाण है।

800 मीटर दौड़ में मनप्रीत और तनीषा ने पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

राजकीय महाविद्यालय बरवाला में आयोजित 18वीं वार्षिक एथलेटिक मीट में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सत्यपाल सिंह, सेवानिवृत्त पूर्व प्राचार्य ने शिरकत की और अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह ढांडा ने की।

प्रतियोगिता की 800 मीटर लड़कों की दौड़ में प्रथम स्थान मनप्रीत और द्वितीय स्थान प्रिंस तथा तृतीय स्थान लोकेश ने प्राप्त किया। वहीं लड़कियों की 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान तनीषा और द्वितीय स्थान खुशी तथा तृतीय स्थान भावना ने प्राप्त किया। लड़कियों की 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान तनीषा और द्वितीय स्थान गोमती तथा तृतीय स्थान प्रीति ने प्राप्त किया। शॉटपुट में प्रथम स्थान तनीषा और द्वितीय स्थान प्रीति तथा तृतीय स्थान गोमती ने प्राप्त किया।



श्री काली देवी विद्या मंदिर में साहित्यिक प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- कविता, भाषण और वाद-विवाद से विद्यार्थियों ने दिया संस्कृति, संस्कार और देशभक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर में अंग्रेजी क्लब की ओर से त्योहार, संस्कार और मेरा देश विषय पर अंतर-सदनीय अंग्रेजी साहित्यिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने कविता पाठ, छठी से आठवीं तक ने भाषण तथा नौवीं से बारहवीं तक ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, त्योहारों, नैतिक मूल्यों और देशभक्ति से जुड़े विचारों को आत्मविश्वास और तार्किक ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचार्या गीता मेहता ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि साहित्यिक गतिविधियां विद्यार्थियों के भाषा कौशल को निखारने के साथ उनमें आत्मविश्वास, तार्किक चिंतन और विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की क्षमता विकसित करती हैं।

ख्वाहिश लावट बनी बेस्ट ड्रामेबाज



हिसार। बाल भवन में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की ओर से आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ख्वाहिश लावट ने बेस्ट ड्रामेबाज प्रतियोगिता में पूरे हिसार जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में हिसार जिले के विभिन्न स्कूलों से सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ख्वाहिश ने अपनी प्रतिभा, शानदार अभिनय और आत्मविश्वास के दम पर प्रथम स्थान हासिल किया। विशेष बात यह रही कि प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र की प्रतिभागियों में शामिल होने के बावजूद ख्वाहिश ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। गौरतलब है कि छह वर्षीया ख्वाहिश की बड़ी बहन 11 वर्षीया समायरा लावट अंतरराष्ट्रीय स्तर की लोक नृत्य कलाकार हैं और भारत की नंबर वन लोक नृत्य कलाकार के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005



प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आरपीएस स्कूल की छात्राओं ने मारी बाजी

हांसी। राखीगढ़ी महोत्सव के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आरपीएस पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राएं नैंसी, माही और रिया चौधरी ने अपनी प्रतिभा, विषय संबंधी ज्ञान और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. संदीप देशवाल ने छात्राओं की उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी मेहनत, लगन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करने के साथ उनमें आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। विद्यालय प्राचार्या एकता सचदेवा ने भी छात्राओं की मेहनत और प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

पढ़ाई के बाद भी नौकरी नहीं मिली तो चुनी आत्मनिर्भरता की राह

अनीता की मिट्टी की टोकरियां विदेश में भी बढ़ा रहीं शान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

पढ़ाई पूरी करने के बाद हर युवा की ख्वाहिश एक अच्छी नौकरी की होती है। नारनौंद क्षेत्र के गांव खरक पूनिया की निवासी अनीता ने भी पढ़ाई के बाद रोज़गार की तलाश में काफ़ी संघर्ष किया, लेकिन जब हर तरफ से निराशा हाथ लगी तो उन्होंने हार मानने की बजाय आत्मनिर्भर बनने का रास्ता चुना।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 'स्वयं सहायता समूह' उनके जीवन में एक नई उम्मीद बनकर आया, जिसने उनकी ज़िंदगी के मायने ही बदलकर रख दिए। आज अनीता न केवल खुद हज़ारों रुपये कमा रही हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को भी रोज़गार देकर उनके परिवार का सहारा बन चुकी हैं।



2 लाख के लोन से शुरू किया हस्तशिल्प का सफर

करीब 8 वर्ष पहले अनीता स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं। शुरुआत में छोटा काम शुरू करने के बाद उन्होंने समूह के माध्यम से 2 लाख रुपये का ऋण लिया। इस राशि से उन्होंने मुल्तानी मिट्टी और रद्दी कागज के मिश्रण से पारंपरिक मिट्टी की टोकरियां और बर्तन बनाने का काम शुरू किया। शुरुआत में काफ़ी संघर्ष करना पड़ा और उन्हें अलग-अलग मेलों और बाज़ारों में जाकर अपने सामान का प्रचार करना पड़ा। धीरे-धीरे लोगों को उनका उत्पाद बेहद पसंद आने लगा और माँग के साथ-साथ आमदनी भी बढ़ने लगी। अनीता केवल टोकरी ही नहीं, बल्कि मुल्तानी मिट्टी और कागज से हांडी, मटकी, वॉल हैंगर और पारंपरिक हुक्के भी तैयार करती हैं। उनके ये उत्पाद हरियाणा के प्रसिद्ध सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले और दिल्ली के ट्रेड फेयर में भी प्रदर्शित किए जा चुके हैं, जहां उन्हें विशेष पहचान मिली। देखते ही देखते देश के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेशों से भी उनके बर्तनों व सजावटी सामान के ऑर्डर मिलने शुरू हो गए।

दादी की पुरानी कला से मिली व्यवसाय की प्रेरणा: अनीता

अनीता ने बताया कि बचपन में वे अपनी दादी को घर के सामान और कीमती वस्तुएँ रखने के लिए मुल्तानी मिट्टी और रद्दी कागज मिलाकर टोकरी व मटकियाँ बनाते देखा करती थीं। जब नौकरी नहीं मिली तो उनके मन में विचार आया कि क्यों न दादी की इसी पुरानी विधा को व्यावसायिक रूप दिया जाए। आज के दौर में लोग पारंपरिक और पर्यावरण-अनुकूल चीज़ों के प्रति काफ़ी आकर्षित हो रहे हैं। दादी से सीखी हुई वही कला आज उनके परिवार की आजीविका का मुख्य आधार बन चुकी है। काम का दायरा बढ़ा तो अनीता ने अपने साथ गांव की अन्य महिलाओं को भी जोड़ लिया, जिससे अब उन महिलाओं के घरों में भी नियमित आय आ रही है।